<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

1. लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती पर प्रदेशभर में इकतीस अक्टूबर से छब्बीस नवम्बर के बीच यूनिटी मार्च का किया जायेगा आयोजन। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– सरदार पटेल अखंड भारत के हैं शिल्पी।
2. मुख्यमंत्री ने की गोमती पुनर्जीवन मिशन की घोषणा। पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती के प्रवाह क्षेत्र को बनाया जाएगा अविरल और निर्मल।
3. वित्तीय अनुशासन के मामले में उत्तर प्रदेश देश के सभी राज्यों में अग्रणी। सीएजी रिपोर्ट के अनुसार राजस्व बचत की स्थिति में है प्रदेश।
4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की सहजन की खेती से महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाने वाली लखनऊ की डॉक्टर कामिनी सिंह की सराहना। एक हजार से अधिक महिलाओं को जोड़ चुकी हैं डॉक्टर कामिनी।

**********

भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में इकतीस अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। वहीं इकतीस अक्टूबर से छब्बीस नवंबर के बीच यूनिटी मार्च आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले इस आयोजन में यूपी के खिलाड़ी, कलाकार और युवा भी हिस्सा बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ ही अखंड भारत के शिल्पी भी हैं।

**अखंड़ भारत से आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत, तो विकसित भारत की इस आधार शिला को मजबूती प्रदान करने के लिए हम लोग इस पूरे अभियान का हिस्सा बनेंगे, प्रदेश की सभी 403 विधान सभा क्षेत्रों में, 80 लोक सभा सीटों पर ये कार्यक्रम होंगे और सभी 75 जनपदों के पांच–पांच युवा सरदार साहब के जन्मभूमि में जाने के लिये यहां से प्रस्थान करेंगे और उनको करमसद से ले करके केवड़िया तक 150 किलोमीटर की इस पदयात्रा में देश भर से आए युवाओं से मिलने और उस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का भी एक अवसर प्राप्त होगा।**

मुख्यमंत्री ने बताया कि पद यात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर सरदार पटेल के जीवन पर आधारित कई प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

**********

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कल मुंबई में आयोजित सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन की शुरुआत की। इस मैराथन में मुंबई के हजारों युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री अंसारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने लिए भारत एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। युवाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि हमें फिट इंडिया मुहिम के साथ जुड़कर अपने भारत को फिट बनाना है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गोमती केवल एक नदी नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और जीवनधारा की प्रतीक है। गोमती टास्क फोर्स के साथ कल लखनऊ में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने इस मिशन की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गोमती में एक भी बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नदी किनारे बसे अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए, जिससे गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन का दायरा पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती नदी के संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र को कवर करेगा, जिससे गोमती अपने पूरे विस्तार में स्वच्छ, अविरल और निर्मल रूप को फिर से प्राप्त कर सके। गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन आस्था, पर्यावरण और विकास से संगम का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने जनता से इसमें सहभागिता की अपील की। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम जल जीवन मिशन–हर घर नल योजना की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य और बुन्देलखण्ड क्षेत्र के हर घर में नल से शुद्ध जल पहुंचाने के लिये पन्द्रह दिसम्बर दो हजार पचीस तक की समय–सीमा तय की गयी है। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस अवधि तक कनेक्शन लगाने के साथ ही थर्ड पार्टी ऑडिट भी करा लिया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे जुड़ी योजनाओं में किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं होगा।

**********

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक–सीएजी द्वारा प्रकाशित राज्य के वित्त लेखे दो हजार बाइस–तेइस के अनुसार उत्तर प्रदेश वित्तीय अनुशासन और निवेश के मामले में देश के सभी अट्ठाइस राज्यों में अग्रणी रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने वित्तीय वर्ष दो हजार बाइस–तेइस में कुल एक लाख तीन हजार दो सौ सैंतीस करोड़ रूपये का पूंजीगत व्यय किया जो देश में सर्वाधिक है। सीएजी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की राजस्व प्राप्तियां उसके राजस्व व्यय से अधिक रही हैं, यानी प्रदेश राजस्व बचत की स्थिति में है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा पिछले महीने की बाइस तारीख़ को की थी। इसका लाभ पूरे देश को मिल रहा है। उत्तरप्रदेश में विभिन्न उद्योगों पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर एक रिपोर्ट–

***नए जीएसटी सुधार उत्तर प्रदेश के कारीगरों, किसानों और छोटे उद्यमों के लिए एक बड़ा बढ़ावा है।यह सुधार राज्य के पारंपरिक शिल्प और कपड़ा क्षेत्रों के लिए विशेष महत्व रखता है। कानपुर और आगरा के चमड़ा और जूता उद्योग, जिनमें दस लाख से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं, लाभान्वित होंगे क्योंकि ढाई हजार रुपये तक की कीमत वाली वस्तुओं पर अब केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसी तरह, लखनऊ की चिकनकारी जैसी हस्त–कढ़ाई की कृतियाँ उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ हो जाएँगी क्योंकि इसे पांच प्रतिशत कर स्लैब में रखा गया है, जिससे इन शिल्पों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर हजारों कारीगरों को राहत मिलेगी। वहीं फिरोजाबाद के जीआई टैग कांच शिल्प को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा क्योंकि कांच के बर्तनों और चूड़ियों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। समर्थ के साथ, नितिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।***

**********

लखनऊ की रहने वाली डॉक्टर कामिनी सिंह, मोरिंगा यानी सहजन की खेती के माध्यम से प्रदेश की महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं। उनके इस कार्य के चलते उन्हें नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात और संवाद करने का मौका मिला। संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने उनकी सफलता की सराहना करते हुए उनसे मोरिंगा की खेती की बारीकी को समझा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से डॉक्टर कामिनी ने एफपीओ के माध्यम से एक हजार से अधिक महिला किसानों को जोड़कर एक नई शुरूआत की है। उन्होंने इसकी खेती के लिये उन्हें प्रेरित किया और इसके जरिये डेढ़ दर्जन उत्पाद बनाकर बाजार तक उनकी पहुंच बनाई। महिलाएं मोरिंगा की खेती के साथ–साथ प्रोसेसिंग और पैकेंजिंग का काम भी करती है।

**********

भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प सेवा केंद्र द्वारा महोबा में कल से छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें गौरा पत्थर से जुड़े शिल्पकारों को उद्यमिता और विपणन की बारीकियां सिखायी जायेंगी। वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी विशाल वर्मा, ने बताया कि सरकार हुनरमंद हस्तशिल्पियों की पहचान कर के उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ रही है।

***इस उद्यमिता विकास कार्यक्रम में हम 20 हस्तशिल्पियों को उनके बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए जो भी मूलभूत बातें हैं जैसे चाहे वो आनलाईन मार्केटिंग हो, चाहे वो उद्यमिता विकास की अवधारणा के बारे में हो, वेस्ट मैनेजमेंट हो, जीएसटी हो, बैंकिंग हो, एकाउटिंग हो, इत्यादि जितने भी पहलू हैं जो इनके बिजनेस को आगे बढ़ा सकते हैं उसके बारे में हमारे जिले विषय विशेषज्ञ अपने क्रमागत रूप में उनको विस्तृत विवरण देंगे, जिससे हमारे सभी हस्तशिल्पि लाभान्वित होंगे और अपने रोजगार को अपने दम पे कर सकने में कुशल और सक्षम होंगे।***

**********

अयोध्या में आयोजित प्रसिद्ध रामकोट परिक्रमा में कल बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। परिक्रमा का नेतृत्व हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी रमेश दास जी महाराज ने किया, उनके सानिद्ध्य में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ परिक्रमा पूरी की, जिसमें तेइस जनपदों से आए गायत्री शक्तिपीठ के श्रद्धालुओं के साथ दक्षिण भारत से श्रीराम भक्तों ने भी अपनी हाजिरी लगाई।

**********